हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, रविवार, 26 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 21.3 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

11 विद्यार्थियों को मतदान करने की दिलाई शपथ



12 पठानिया स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस ...





तापमान
अधिकतम 23.9 डिग्री
न्यूनतम 4.2 डिग्री

## विद्यार्थियों को मतदान करने की दिलाई शपथ

**सांपला।** सरछोटू राम कन्या महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें विधार्थियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एक प्रतियोगिता भी कराईं गई। विजाओ को कालेज प्राचार्य द्धारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**सांपला।** विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

## 361 किलोग्राम डोडा चूरा पोस्त की सप्लाई करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने गत दिनों सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गाड़ी सवार युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया था। गाड़ी से 360 किलो 900 ग्राम डोडा चूरापोस्त बरामद हुआ था। डोडा चूरा पोस्त की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे अदालत में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

प्रभारी सीआईए-1 स्टाफ निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 21 मई 2024 को एएसआई मंजीत के नेतृत्व में सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 152 डी हाइवे पुल के नीचे से बिना नम्बर की टाटा गाड़ी में सवार तौसीफ अहमद निवासी नूर खॉ बगनाह मोहरा जिला बारामूला, जम्मू कश्मीर को काबू किया गया था। उसकी तलाशी लेने पर गाड़ी से कुल 13 ड्राम बरामद हुए। एक ड्रम में काला तेल व 12 ड्रम से कुल 360 किलो व 900 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। युवक के खिलाफ थाना कलानौर में केस दर्ज किया गया। जिसे अदालत में पेश कर 6 दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई।

## लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान को बताया जरूरी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर- वोटर्स राइट्स अंडर कांस्टीट्यूशनल लॉ विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमडीयू के लॉ विभाग के सेवानिवृत प्रोफेसर डा. सी.पी. श्योराण ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में शिरकत की। प्रो. श्योराण ने संबोधन में मतदाताओं के अधिकारों की सारगर्भित विवेचना की और बताया कि मतदाता अपने मत के उपयोग से लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता शपथ भी ली गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में लॉ विभाग के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र ढुल ने स्वागत भाषण दिया और मतदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. जसवंत सैनी ने किया। कार्यक्रम का सहसंयोजन व मंच संचालन डॉ. अंजलि वर्मा ने किया। इस अवसर पर लॉ विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।






















## युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार




रोहतक। पुलिस की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सीआईए-2 स्टाफ के एसआई सतीश कुमार ने बताया कि एएसआई जसबीर के नेतृत्व में टीम एक रुपया चौक के पास गश्त मे मौजूद थी। सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए ओमेक्स मायना के पास खड़े युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान श्रीओम निवासी जनता कॉलोनी के रुप मे हुई। युवक के पास से एक पिस्तौल बरामद हुआ है। युवक के खिलाफ थाना शिवाजी कॉलोनी में केस दर्ज किया गया।

## पठानिया स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में 76वां गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तनवी पठानिया व उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन अम्बरीन, रिद्धि, दीक्षिता, हिमांक्षी व कनिका ने किया। कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने गायन, वादन व नृत्य आदि पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। विद्यार्थियों ने इंडिया वाले, हिंदुस्तान तुझ में बसी है मेरी जान, पधारो म्हारे देश आदि गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दी। लावण्या, व्योम, देवांश ने हिंदी कविता सुनाई। इस दौरान भारतीय संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल संचालक अंशुल पठानिया, को फाउंडर वर्षा रानी, प्रधानाचार्या तनवी पठानिया ने विद्यार्थियों को संविधान की सुरक्षा व अपने मौलिक अधिकारों तथा कर्तव्यों का पालन करने की सीख दी। इस अवसर उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी, कोऑर्डिनेटर कनिका मग्गू, आलोक हुड्डा, प्रभा शर्मा, सुमन शर्मा, रजनी गुलाटी, नीरू खुराना, आर्ट विभाग से नीतू सेठी, कनिका मल्होत्रा, रीमा, हीना आदि मौजूद रहे।



## गोशाला में वार्षिक उत्सव व सांग का आयोजन 4 से, गांव-गांव जाकर दिया जा रहा निमंत्रण

रोहतक। पहरावर स्थित अखिल भारतीय गौशाला नन्दिनी धाम में 4 फरवरी को वार्षिक उत्सव और सांग का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में सांग की प्रस्तुति पंडित लख्मीचंद के पौत्र विष्णुदत्त शर्मा द्वारा दी जाएगी। सांग उत्सव 4 फरवरी से प्रतिदिन दोपहर एक बजे शुरू होकर पांच बजे तक किया जाएगा। प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसका निमंत्रण गांव-गांव जाकर दिया जा रहा है। शनिवार को गांव गांधरा, अटायल, इस्माईला, चुलियाणा, खरावड़ आदि में निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर रामबीर पहलवान, सुनील वशिष्ठ, नितेश देवी, शांति देवी, अमित कुमार, शौर्य वशिष्ठ, भूपेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## त्वचा की देखभाल के बारे में दी जानकारी



रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला सेल के तत्वाधान स्किनकेयर, मेकअप और केश विन्यास विषयों पर कार्यशाला का आयोजन किया। प्राचार्या डॉ. दर्शना और महिला सेल की संयोजक डॉ. वीना सचदेवा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने आज की दुनिया में आत्म-देखभाल और सौंदर्य के महत्व पर प्रकाश डाला। तान्या सेठी ने छात्राओं को त्वचा की देखभाल, मेकअप और हेयरकेयर के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. वीना सचदेवा के आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. राधा राठी, डॉ. निधि सहित अन्य मौजूद रहे।

## मतदान का महत्व बताया



रोहतक। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ मतदाता के महत्व पर एक डिक्लेमेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इसके अलावा निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर लोकेश बल्हारा, डॉक्टर प्रवीण, डॉ. रेनू राणा, डॉक्टर विकास, डॉक्टर वेदप्रकाश, डॉक्टर जगबीर कुंडू ,डॉक्टर रामपाल, डॉक्टर राकेश आदि मौजूद रहे।

## साइकिल यात्रा से जल स्वच्छता व नशे से दूर रहने का संदेश

रोहतक। नहरों के जल की स्वच्छता और नशे के खिलाफ जागरुकता के लिए रोहतक से राजस्थान के खाजूवाला तक साइकिल निकाली गई। साईकिल यात्रा को समाजसेवी नवीन जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में निकाली जा रही है। मिशन के महासचिव एवं साइक्लिस्ट मुकेश नैनकवाल तीन दिन लगातार साईकिल के माध्यम से खाजूवाला पहुंचेंगे।





























